जिला प्रशासन ने मलिन बस्ती में जाकर लोगों के बीच बांटी दीपावली की खुशियां

मुजफ्फरपुर । सरकार के आदेश के अनुसार जिलाधिकारी, एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने सिकंदरपुर स्थित महादलित-बाहुल्य टोला जाकर महादलित परिवारों के बीच त्योहार की खुशियां साझा की। मौके पर अधिकारी द्वय ने बच्चों, छात्र-छात्राओं महिलाओं सहित सभी लोगों के बीच मिठाइयों एवं उपहारों का वितरण



किया तथा दीपावली की शुभकामनाएं दी। जिला के अन्य पदाधिकारीगण विभिन्न महादलित टोलों में लोगों के साथ दीपावली समारोह में शामिल होकर उपहार वितरण किया और उनके खुशियों में शामिल हुए।

घरेलू विवाद को लेकर मारपीट

मोतीपुर (आससे)। मोतीपुर थाना क्षेत्र के बरियारपुर परती बाजार गांव में घरेलू विवाद को लेकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। बीच बचाव करने आए उनके पति तो उसके साथ भी मारपीट की गई। इसमें दंपति गंभीर रूप से जख्मी बताए गए हैं। जख्मी की चिकित्सा सीएचसी में कराई गई है। घायलों में रेणु कुमारी एवं उनके पति पप्पू कुमार दास शामिल है। इस बाबत पीड़िता ने अपने ससुर राजेंद्र दास, सास मीना देवी समेत अन्य लोगों को खिलाफ थाना में लिखित शिकायत की है।

सड़क दुर्घटना में इंजीनियरिंग के छात्र की मौत

औराई (आससे)। प्रखंड के डिहजीवर पंचायत अंतर्गत हरपुर गांव निवासी इंजीनियरिंग के छात्र सौरभ कुमार (22 वर्षीय)की सड़क दुर्घटना में शनिवार देर रात मौत हो गई। मृतक स्थानीय डॉक्टर ओम प्रकाश प्रभाकर के पुत्र थे और जहानाबाद इंजीनियरिंग कॉलेज में अध्यनरत थे । शनिवार को अपने आठ सहपाठियों के साथ जहानाबाद से गया इंजीनियरिंग कॉलेज फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा देने गये थे और लौटने के क्रम में गया जहानाबाद सड़क अंतर्गत हुलासगंज थाना के कंदौल गांव के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के साथ दो अन्य सहपाठियों की भी मौत हो गई ,जबकि 6 अन्य घायल हो गए । सभी लोग एक ऑटो पर सवार थे एवं हार्वेस्टर से आमने-सामने की टक्कर मे दुर्घटना हुई। रविवार की अहले सुबह मृतक का शव पोस्टमार्टम के उपरांत घर लाया गया, जहां चारों तरफ चीख पुकार मच गई। दीपावली की खुशियां पल भर मे मातम में बदल गई। मृतक के पिता वर्तमान में दरभंगा जिला अंतर्गत चंदौना कॉलेज में व्याख्याता हैं। मृतक दो भाई एवं एक बहन है।

काली पट्टी से झलकता 'इंसाफ' का शृंगार...

नगर चर्चा | मनोज

मौसम ! त्योहारों का है ! और दीपावली सर पर ! तो आसपास, अगल-बगल ,चौक - चौराहे नुक्कड़ - सड़क पर ! बम पटाखे की धूम - धड़ाक ! धांय - धांय की आवाज लाजिमी है ! कमोवेश हम इसके आदि भी हैं ! जैसे होली में रंग ! ठीक वैसे ही दिवाली में धड़ाम धड़ाम ! पटाखे अपने होने का प्रमाण देते हैं । खैर यह शोर सराबा चलता है ! चलता ही रहेगा ! सरकार और प्रशासन ने ! एक बार फिर से मंडी में ! पटाखे बेचने पर रोक लगा दी है ? और तो और कई मौके पर छापेमारी कर ! व्यापारियों की हलक सुखा दी है ? लेकिन वह भी तो खिलाड़ी ठहरे ! बिजली की आंखमिचोली की तरह ! वह भी दुकानों को खोल बंद की तरकीब पर चला रहे ? मौका मिलते ही पटाखे ग्राहकों से भजा रहे ! और जैसे ही पुलिस की धमक मिलती स्टर गिरा रहे हैं ! आखिर करें भी क्या ! यह मौसम ही तो उन्हें ! साल भर की रोजी देती है ! जहां वे बम पटाखे फुलझरिया बेचकर ! अपनी खुशियां समेटते हैं !और ऐसे में कोई खलल दे तो ! खींच तो बढ़ता ही है ! जहां रोकना हो वहां धमाके हो जाते हैं ! जहां टोकना हो वहां भ्रष्टाचार चरम पर बढ़ता जा रहा ? लेकिन जहां खुशियां हैं वहां डंडे का जोर ! पटाखे मंडी में मचा रहा है शोर ? खैर मंडी से अलग ! चौक चौराहा नुक्कड़ पर ! पटाखे सरेआम बेचे जा रहे ? उसे रोकने और टोकने वाला कोई नहीं ? और तो और रोक के बाद भी सड़कों पर सरेआम ! एलपीजी गैस सिलेंडर का अवैध व्यापार फल फूल रहा है ? बंदी के बाद भी शराब होम डिलीवरी के रूप में मौजूद है ? चरस गांजा स्मैक ऑन डिमांड मंडी की शोभा बढ़ा रही है ? इन हरकतों पर शिकंजा कसने ! रोक लगाने की कवायद करने की जगह सरकार ! पटाखे के पीछे पड़ी है ? और सफलता वैसे ही है जैसे बिहार में शराबबंदी ? हालांकि यह दीपावली खुशियों की जगह ! गम का माहौल दे गया है ? क्योंकि शहर में गोबरसही के निकट नाला निर्माण को लेकर जारी खुदाई में ! पीएनजी गैस के पाइप में विस्फोट हो गई ? एक राहगीर की मौत हो गई और कई तमाश बिन घायल हो गए जिनमें कुछ की हालत नाजुक भी है ? यह हादसा अभी भी आंखों से निकल नहीं रहा ! तबाही का मंजर आज भी दहशत का माहौल बना रहा है ? जांच को लेकर तरह-तरह की बातें हो रही है ? स्थानीय लोग आज भी ! छोटी-छोटी बातों पर डर जा रहे हैं ? जिला प्रशासन ! पुलिस प्रशासन ! आईओसी प्रशासन ! अलग-अलग जांच एजेंसियां निर्धारित कर रहे ? विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधिमंडल भी स्थल का निरीक्षण कर रहे ! प्रभावित परिवारों से बातचीत भी ? लेकिन परिणाम क्या होगा ? यह लगभग सभी लोग जान रहे हैं ! पहला ट्रेलर मृतक के परिवार को सौंपे गए चेक के वापस होने से दिख गया है ! गलती चाहे जिसकी हो लेकिन ! प्रशासनिक चेक की वापसी जिला प्रशासन से लेकर सरकार की साख तक को हिलाता है ? शायद यह बात पदाधिकारियों ने ध्यान में नहीं रखा ? और बात पटल पर आते ही याचक के रूप में सामने नजर आने लगे ? बात सिर्फ पैसे की नहीं थी ? सरकार के साख का जो ठहरा ? अभी-अभी पिछले दिनों ! दशहरा मेला के दौरान कोलकाता में भगदड़ मची ! जिसमें मुजफ्फरपुर के पिता पुत्र हादसे का शिकार बने थे ! दोनों की मौत हो गई थी !लेकिन भला हो बंगाल सरकार का !जिसने प्रभावित परिवार की सुधि ली ! और घर आकर पीड़ित परिवार को 50 लाख का चेक थमा गए ! यह ठीक है कि जो गुजर गए उनकी भरपाई मुश्किल है ! लेकिन आगे की जिंदगी आसानी से कट जाए !

इसके लिए पैसा भी जरूरी होता है ? ऐसे में बंगाल सरकार की मदद की सराहना जरूरी है ! और यह सवाल भी कि जब बंगाल में एक मृतक की कीमत 25 लाख है तो ! हम चार पर ही क्यों अटके हैं ? पर्व त्यौहार के इसी मौसम में बिहार के बिहटा में पुलिस ने एनकाउंटर में तीन युवकों को ढेर कर दिया है ! बताया गया है कि तीनों एक पैक्स अध्यक्ष की हत्या में शामिल थे ! जब उनकी हत्या पर बवाल मचा तो जांच की बात भी सामने आ रही है ? लेकिन लाख टके का सवाल है ! अगर जांच में वह निर्दोष पाए गए तो ! क्या उनकी जान वापस लौट सकती है ? अगर नहीं तो हम हत्या से पहले इन बातों को क्यों नहीं सोच लेते ? जांच की प्रक्रिया सही से पूरी क्यों नहीं करते ? ताकि प्रभावित परिवारों को उचित और समुचित न्याय मिल सके ? हमने पूर्व में देखा है भरत तिवारी हत्याकांड जिसे विक्षिप्त बताकर पुलिस ने एक दो नहीं पांच गोलियां ठोक डाली थी ! मौत पर बवाल मचा तो कानूनी कटघरे में खड़ा होना पड़ा था ? दोनों स्थिति में यह कार्रवाई उचित नहीं कही जा सकती ? चाहे कानून खुद ही कटघरे में खड़ा हो ! या कानून बेलगाम होकर किसी निर्दोष की बलि ले ले ? ऐसे में आवश्यक है कि हम अपने संविधान और कानून की मर्यादा का सम्मान करें ! और कोई भी कदम उठाने से पहले ! परिणाम का अवलोकन अवश्य करें ! अन्यथा कानून की आंखों पर पट्टी ! टिमटिमाती लौ में ! इंसाफ की कहानी बयां कर ही रहा है न ? इस अपराध मानिए अथवा क्राइम ! अपनी अपनी सोच पर निर्भर है।

मिठनपुरा के चकवासु में गैस रिसाव से मचा हड़कंप

मुजफ्फरपुर । शहर के गोबर सही चौक पर पीएनजी गैस पाइपलाइन में हुए भीषण विस्फोट की घटना कि आग अभी ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि मिठनपुरा थाना क्षेत्र के रामबाग चकवासु में गैस रिसाव की सूचना से हड़कंप मच गया। दीपावली के मौके पर गैस रिसाव की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों को आशंका सताने लगी कि कहीं गोबरसही जैसी घटना दोबारा न हो जाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी कुमार गौरव और एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने तत्काल संज्ञान लिया। जांच करते अधिकारी उनके निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी आनंद उत्सव, टाउन डीएसपी सुरेश कुमार सहित आईओसीएल के अधिकारी एवं कर्मी मौके पर पहुंचे। प्रशासन और कंपनी की टीम ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए पाइपलाइन की जांच की और गैस रिसाव को समय रहते दुरुस्त करा दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। अधिकारियों की तत्परता से संभावित बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, गोबरसही में हुए भीषण विस्फोट के बाद लगातार सामने आ रही गैस पाइपलाइन से जुड़ी घटनाओं ने शहरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। लोग पाइपलाइन की सुरक्षा, नियमित जांच और रखरखाव को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

रौतिनिया डंपिंग यार्ड की समस्या की डीएम करेंगे खुद मॉनिटरिंग

विधायक के अल्टीमेटम के बाद डीएम ने किया निरीक्षण



मुजफ्फरपुर। कांटी विधायक ई. अजीत कुमार के अल्टीमेटम के बाद सोमवार को जिलाधिकारी कुमार गौरव ने रौतिनिया स्थित नगर निगम के कचरा डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डंपिंग यार्ड से उत्पन्न समस्याओं के स्थायी समाधान का भरोसा दिलाया। विधायक की मांग पर डीएम ने खुद पूरे मामले की मॉनिटरिंग करने और डंपिंग यार्ड की व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस पहल करने की बात कही। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को एक अतिरिक्त ट्रॉमल मशीन लगाने, एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) प्लांट का काम जल्द शुरू कराने तथा कचरा निष्पादन की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान विधायक ई अजीत कुमार और आसपास के लोगों ने डीएम को बताया कि कचरा डंपिंग के कारण क्षेत्र में दुर्गंध और प्रदूषण की समस्या गंभीर बनी हुई है। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। लोगों ने शिकायत की कि आसपास के कई बच्चे कुपोषण के शिकार हो रहे हैं, जबकि अनेक लोग विभिन्न बीमारियों से पीड़ित हैं। इस पर डीएम ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग की टीम गठित कर प्रभावित इलाके में सर्वे कराने का निर्देश दिया। टीम लोगों के स्वास्थ्य की स्थिति और बीमारियों से संबंधित जानकारी जुटाएगी।

इस दौरान विधायक ई. अजीत कुमार ने डीएम से रौतिनिया नगर निगम डंपिंग यार्ड को गोद लेने की मांग की, ताकि इस समस्या के समाधान की नियमित निगरानी हो सके। उन्होंने कहा कि लोगों से जो वादा किया है, उसे पूरा कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस समस्या को लेकर पूर्व में तत्कालीन डीएम सुब्रत कुमार सेन को भी स्थल पर लाया गया था। उस समय काम शुरू हुआ, लेकिन उसकी गति काफी धीमी रही। उन्होंने बताया कि विधानसभा की प्राक्कलन समिति में भी लगातार इस मुद्दे को उठाया गया। बीस सूत्री की बैठक में भी समस्या को प्रमुखता से रखा गया, लेकिन अपेक्षित काम नहीं हुआ। अंततः उन्होंने अल्टीमेटम दिया था।

उम्मीद है कि अब लोगों को इस समस्या से निजात मिलेगी। हालांकि उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ तो स्थानीय लोगों के साथ वे आंदोलन करने और संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेंगे। डीएम ने नगर निगम आयुक्त को रेवा रोड से रौतिनिया पंचायत भवन तक जाने वाली सड़क का जीर्णोद्धार कराने, डंपिंग यार्ड के सामने स्थित पोखर की छठ पर्व को देखते हुए सफाई और जीर्णोद्धार कराने तथा आसपास के क्षेत्रों में नियमित ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में डीएम ने कहा कि एजेंसी की ओर से काम सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। कार्य की गति काफी धीमी है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रधान सचिव से भी बात की जाएगी। वे स्वयं पूरे मामले की मॉनिटरिंग करेंगे। जल्द ही एक अतिरिक्त ट्रॉमल मशीन लगाने और एमआरएफ प्लांट का काम शुरू कराने की पहल होगी।

वहीं, नगर निगम आयुक्त ने कहा कि कचरा प्रोसेसिंग का काम धीमी गति से चल रहा है। मंगलवार को विभागीय बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल यहां एक ट्रॉमल मशीन है और एक अतिरिक्त मशीन लगाई जाएगी। एमआरएफ प्लांट के काम की नियमित मॉनिटरिंग होगी। आसपास के लोगों को परेशानी से बचाने के लिए सीओ को नोडल पदाधिकारी बनाकर नियमित छिड़काव कराया जाएगा।

मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष मो. शमीम, मनोज कुमार सिंह, अवधेश सिंह, मुकुंद कुमार, अंकेश ओझा, श्रीराम कुमार, इंदल साह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

उल्लास के माहौल में मनी दीपावली

साहेबगंज (आससे)। दीपों का त्योहार दीपावली साहेबगंज प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से हर्ष एवं उल्लास के साथ संपन्न हो गया । थानाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान ,क्षेत्र में चौकसी बरते रहे ।कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली । साहेबगंज विधायक डा राजू कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ,पंचायत प्रतिनिधियों एवं भावी प्रत्याशियों ने भी प्रखंड के लोगों दीपावली की शुभकामना दी ।

वहीं दीपों का त्योहार दीपावली साहेबगंज प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से हर्ष एवं उल्लास के साथ संपन्न हो गया । पूरे प्रखंड क्षेत्र में पटाखों की आवाज से आकाश गूंजता रहा ,वही आकाशीय आतिशबाजी ,लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा ।

थानाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान ,क्षेत्र में चौकसी बरते रहे ।कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली । साहेबगंज विधायक डा राजू कुमार सिंह ,प्रखंड प्रमुख पूजा सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ,पंचायत प्रतिनिधियों एवं भावी प्रत्याशियों ने भी प्रखंड के लोगों दीपावली की शुभकामना दी ।

लंगट सिंह कॉलेज में दीपोत्सव का गरिमामय आयोजन

मुजफ्फरपुर । दीपावली के अवसर पर लंगट सिंह कॉलेज परिसर में रविवार संध्या को दीपोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. कनुप्रिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ। परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी एवं दीपों से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण दीपावली की पारंपरिक आभा से आलोकित हो उठा। उपस्थित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने एकजुटता के साथ



दीपोत्सव में भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. कनुप्रिया ने कहा कि दीपावली केवल प्रकाश का पर्व नहीं, बल्कि अज्ञान के अंधकार को ज्ञान के प्रकाश से मिटाने का प्रतीक है। महाविद्यालय परिवार के रूप में हम सभी को मिलकर शिक्षा, संस्कृति और सकारात्मक मूल्यों के दीप जलाते रहना चाहिए। आज का यह दीपोत्सव हमारे सामूहिक उत्साह, अनुशासन और संस्थागत एकता का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन न केवल पर्व की परंपरा को जीवित रखते हैं, बल्कि महाविद्यालय परिसर में सौहार्दपूर्ण वातावरण भी निर्मित करते हैं। समारोह में डॉ राजेश अनुपम, डॉ नवीन कुमार, डॉ दीपक कुमार, डॉ आनंद कुमार सिंह, डॉ मनोज शर्मा, संजीव चौधरी, अरविंद सिन्हा दीपक कुमार, रमेश महतो सहित अन्य मौजूद रहे।

दीपावली एवं छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

दिवाली की पूर्व संध्या पर डीएम ने रात्रि में रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड का किया निरीक्षण

मुजफ्फरपुर। दीपावली एवं छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज



कर दी गई हैं। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी कुमार गौरव ने दिवाली की पूर्व संध्या पर रात्रि में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं रेलवे विभाग के अधिकारियों के साथ मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने यात्रियों की सुविधा, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में जिले से बाहर रह रहे लोग अपने घर लौटते हैं। ऐसे में जिला प्रशासन का विशेष प्रयास है कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा उनका अनुभव सुखद एवं सुरक्षित रहे।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से भी व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि छठ पूजा के समापन के बाद बड़ी संख्या में यात्रियों के वापस लौटने के कारण रेलवे स्टेशन पर अत्यधिक भीड़ की स्थिति उत्पन्न होती है।

इसे ध्यान में रखते हुए भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, यातायात पुलिस पदाधिकारी एवं रेलवे के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से समन्वय स्थापित कर आवश्यक योजना बनाई जाएगी। रेलवे को जिला प्रशासन की ओर से जो भी सहयोग अपेक्षित होगा, वह उपलब्ध कराया जाएगा।

पशु अस्पताल के बाहर मिला ऑटो चालक का शव

मुजफ्फरपुर। नगर थाना क्षेत्र के इमामगंज मोहल्ला निवासी ऑटो चालक मोहम्मद नसीम का शव सोमवार को बनारस बैंक चौक स्थित प्रांतीय पशु अस्पताल के बाहर संदिग्ध स्थिति में मिला। शव मिलने की सूचना पर इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची नगर थाने की पुलिस ने मामले की जानकारी ली। मृतक के पुत्र मोहम्मद राजा ने थाने में आवेदन देकर बताया कि उनके पिता काफी दिनों से बीमार थे। बीमारी के कारण उनकी मौत हुई है। स्वजनों ने इसे स्वाभाविक मौत बताते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद शव को सुपुर्द-ए-खाक करने के लिए ले गए। नगर थानाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। स्वजनों ने स्वाभाविक मौत की बात कहते हुए पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

सीएसपी संचालक से लूट मामले का आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। करजा थानान्तर्गत पकड़ी चौक के पास स्थित इंडियन बैंक के समीप 21 अक्टूबर को सी0एस0पी0 संचालक से हथियार का भय दिखाकर नगद व दस्तावेज लूट की घटना मामले में पुलिस ने आरोपी भूषण सहनी को गिरफ्तार किया है। सी0सी0टी0वी0 फुटेज का अवलोकन किया गया था। इस संदर्भ में सी0एस0पी0 संचालक विजय कुमार दिये गए आवेदन के आधार पर करजा थाना कांड संख्या-337/26 दर्ज कर जॉच व अनुसंधान प्रारंभ किया गया था। अधीक्षक, ग्रामीण के अनुश्रवण एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सरैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित किया गया। उक्त टीम में करजा थाना को भी शामिल किया गया था। नवंबर लूट कांड में संलिप्त अभियुक्त भूषण सहनी, सा0-भटौना, थाना-करजा, जिला-मुजफ्फरपुर को गिरफ्तार किया गया है।

तेजस्वी यादव के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर

साहेबगंज (आससे) । बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के जन्मदिन पर युवा राजद ने साहेबगंज व्यापार मंडल परिसर में रक्तदान शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया और लोगों ने शुभकामनाएं दीं। साहेबगंज युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष किंग यादव सहित अन्य



ने शिविर में रक्तदान किया। इस मौके पर राजद प्रखंड नेता अनिल यादव, मोहम्मद खलील, मैनेजर राय, सुनील कुमार,सर्वेश कुमार, रविंदर कुमार,सुरेश बैठा समेत कई कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने और जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए आगे आने की अपील की गई।

वाहन से टकराकर बाइक सवार जख्मी

साहेबगंज (आससे) । आससेप्रखंड के एस एच 74 के रजवाड़ा चौक के पास रविवार की शाम चार चक्का वाहन एवं बाइक के भी हुए टक्कर में बाइक सवार दरिया छपरा निवासी गोपाल कुमार सिंह 50 साल गंभीर रूप से घायल हो गए ।जिनका इलाज निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है । वही पकड़ी बसारत पैक्स गोदाम अंधा मोड़ के समीप दो बाइक के बीच आमने सामने टक्कर हुई ।दोनों बाइक सवार बाइक से फेंका कर बेहोश हो गए ।

हर्ष और उल्लास के माहौल में दीपावली का त्योहार सम्पन्न

औराई (आससे)। दीपावली के अवसर पर पूरे प्रखंड क्षेत्र में दीप उत्सव मनाया गया। लाखों परिवारों ने अपने घरों में दीप, मोमबत्ती जलाकर भगवान गणेश लक्ष्मी का पूजा अर्चना कर लोगों में प्रसाद का वितरण भी किया। दीपावली के अवसर पर ही सिमरी शिव मंदिर में राम नाम नवाह महायज्ञ का आयोजन भी किया गया है। प्रखंड क्षेत्र में दीपावली के अवसर कर लोग शांति सद्भाव एवं निष्ठा के साथ पूजा अर्चना की। क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा के लिए पुलिस पेट्रोलिंग अनवरत चलता रहा। थाना अध्यक्ष ब्रजेश कुमार यादव ने बताया की दीपावली शांतिपूर्ण ढंग से लोगों ने मनाया ।किसी तरह की कोई अप्रिय घटना थाना क्षेत्र में नहीं घटी है।

फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से लूटपाट कांड को अंजाम देने वाला मोनू हथियार के साथ गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। वरीय पुलिस अधीक्षक, के निर्देशन में वाहन चेकिंग के दौरान 7 नवंबर को रात्रि करीब 11.10 बजे जजुआर पुलिस गश्ती टीम को देखकर 03 अज्ञात मोटरसाईकिल सवार द्वारा भागने का प्रयास किया गया। जिसे पुलिस बल के सहयोग से जॉच व सघन पूछताछ किया गया। जांच के क्रम में एक देशी कट्टा, एक कारतूस, चोरी के मोटरसाईकिल एवं लूट कांड में प्रयुक्त अपाची मोटरसाईकिल वाहन के साथ अभियुक्त मोनु कुमार, थाना-औराई, जिला-मुजफ्फरपुर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त मोनु कुमार से पूछताछ करने पर बताया गया कि 5 नवंबर को जजुआर ओ0पी0 अन्तर्गत आई0आईएफ0एल0 समस्ता फाईनेंस लिमिटेड कंपनी के सेल्स ऑफिसर से अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर लूट की घटना की गई थी।

दीपावली की रात अगलगी की घटनाओं में कई दुकानें और घर जले

मुजफ्फरपुर । सदर थाना क्षेत्र के मझौलिया में नंदन गार्डन अपार्टमेंट के पास स्थित एक कबाड़ दुकान में दिवाली देर रात भीषण आग लग गई. पटाखे की चिंगारी से भड़की यह आग इतनी तेजी से फैली कि इसकी लपटें दो मंजिला इमारत तक पहुंचने लगी। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग डर के मारे अपने घरों से निकल आए। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग की तीन दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं. स्थानीय लोगों के सहयोग से अग्निशमन कर्मियों ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया. हादसे की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम पूर्वी आनंद उत्सव और अग्निशमन विभाग के आला अधिकारियों ने भी घटना स्थल का मुआयना किया।

स्थानीय प्रत्यक्षदर्शी आयुष कुमार ने बताया कि पटाखे की एक चिंगारी कबाड़ की दुकान पर गिरी, जिसके बाद आग भड़क उठी. वहीं उनकी मां ने बताया कि रात करीब साढ़े दस बजे जब वह सोने की तैयारी कर रही थी, तभी बाहर अचानक शोर सुनाई दिया, बाहर देखा तो भीषण आग लगी थी.

तेज शोर के बाद जब घर से बाहर आकर देखा तो आग की लपटें तेजी से फैल रही थी, जिसके बाद तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया।

कबाड़ दुकान के पास में नंदन गार्डन अपार्टमेंट होने के कारण आसपास के निवासियों में किसी बड़े हादसे को लेकर गहरी चिंता देखी गई. आग की लपटें काफी दूर से ही साफ दिखाई दे रही थी. स्थानीय लोगों के अनुसार, इस अग्निकांड में दुकान के भीतर रखा अधिकांश सामान जलकर पूरी तरह राख हो चुका है, जिससे दुकानदार को लगभग 10 से 12 लाख रुपये के नुकसान की आशंका है।

मामले की पुष्टि करते हुए जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रज्ञा शरण ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल गाड़ियों को बिना देरी किए मौके पर रवाना कर दिया गया था. अग्निशमन टीम ने तत्परता दिखाते हुए समय रहते आग को आगे बढ़ने से रोक लिया और उस पर काबू पाया. फिलहाल प्रशासन द्वारा घटना में हुए वास्तविक नुकसान का सटीक आकलन किया जा रहा है। घटना को लेकर जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रज्ञा शरण ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं. अग्निशमन टीम ने तत्परता दिखाते हुए आग पर पूरी तरह काबू पा लिया. फिलहाल घटना में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

वहीं नगर थाना क्षेत्र के गोला रोड में डीएन हाईस्कूल के पास सोमवार की सुबह करीब चार बजे भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से दो दुकानें जलकर राख हो गईं। दुकानों से उठती आग की ऊंची लपटें देखकर एक दुकानदार गोलू की मां शांति देवी ने शोर मचाया। इसके बाद आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई। सुबह-सुबह आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। शांति ने बताया गया कि गोलू की दुकान में नारियल, पूजा-पाठ की सामग्री और नारियल झाड़ू का स्टॉक रखा हुआ था। पर्व-त्योहार को देखते हुए दुकान में बड़ी मात्रा में सामान जमा किया गया था। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखा पूरा सामान जल गया। इसकी चपेट में बगल की दूसरी दुकान भी आ गई। दोनों दुकानों में रखा सामान पूरी तरह बर्बाद हो गया।अगलगी में दोनों दुकानदारों को लाखों रुपये का नुकसान होने की आशंका है। त्योहार से ठीक पहले हुई इस घटना से दुकानदारों को बड़ा आर्थिक झटका लगा है। काफी मेहनत से त्योहार के लिए जुटाया गया सामान आग में खाक हो गया। फायर ऑफिसर ने बताया कि फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। शॉर्ट सर्किट समेत अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

सरैया से आससे के अनुसार पारू थाना क्षेत्र के कोइरिया निजामत पंचायत के गरीबा गांव में रविवार की रात बिजली के शॉट सर्किट से लगी आग से दो घर समेत करीब तीन लाख की संपति जल कर राख हो गए । उधर ग्रामीणों के सहयोग से अग्निशमन टीम ने आग पर काबू पाया ।पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने बताया रविवार की रात बिजली के शॉट सर्किट से लगी आग से पंचायत के वार्ड संख्या 13 गरीबा गांव निवासी रामपुकार राय और कृष्ण कुमार के घर पूरी तरह जलकर राख हो गए ।उन्होंने बताया इस आगलगी में करीब तीन लाख की संपति जलकर राख होने का अनुमान है ।

वहीं जैतपुर थाना क्षेत्र के रेपुरा रामपुर बल्ली पंचायत अंतर्गत मिश्रौलिया गांव में दीपावली की देर रात अचानक आग लगने से भीषण तबाही मच गई ।आग की चपेट में आने से करीब आधा दर्जन घर जलकर पूरी तरह राख हो गए। इस अगलगी की घटना में पीड़ित परिवारों का घर में रखा अनाज,कपड़ा,बर्तन,जरूरी कागजात समेत दैनिक उपयोग का लगभग सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते परिवारों की वर्षों की मेहनत की कमाई राख में तब्दील हो गई। घटना के बाद पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं ।घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय समाजसेवी सुबोध ठाकुर घटनास्थल पर पहुंचे और अग्निपीड़ित परिवारों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया ।उन्होंने पीड़ित परिवारों की परेशानी को देखते हुए अपने निजी कोष से साड़ी,नारियल,फल सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। साथ ही उन्होंने पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाया कि इस दुख की घड़ी में वे उनके साथ खड़े हैं और हर संभव मदद करने का प्रयास करेंगे ।वहीं,घटना के बाद प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। पीड़ित परिवारों और स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी अगलगी की घटना के बावजूद समाचार लिखे जाने तक प्रशासन की ओर से कोई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों की सुध लेने नहीं आया। इससे पीड़ित परिवारों में निराशा और आक्रोश है। लोगों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द घटनास्थल का निरीक्षण कर क्षति का आकलन करे तथा सरकारी प्रावधानों के अनुसार पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा और राहत सामग्री उपलब्ध कराए ।इस संबंध में अंचलाधिकारी से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया,लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही और आम लोगों की समस्याओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जब एक पत्रकार द्वारा जनहित से जुड़े गंभीर मामले में संपर्क करने पर अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं,तो आम ग्रामीण अपनी समस्या लेकर अधिकारियों तक कैसे पहुंचेंगे ?आखिर आपदा की ऐसी घड़ी में पीड़ित परिवार अपनी फरियाद किससे करें ?फिलहाल अगलगी से प्रभावित परिवारों के सामने रहने,खाने-पीने और दैनिक जरूरतों को पूरा करने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से अविलंब हस्तक्षेप कर पीड़ित परिवारों को राहत,आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

साहेबगंज से आससे के अनुसार प्रखंड के बी पट्टी पंचायत के वार्ड 15 स्थित लोदिया गांव में आग लगने से मनोज पासवान ,मुकेश पासवान ,राधेश्याम पासवान का घर जल गया ।जिसमें 3 बकरी ,एक साइकिल ,चार क्विंटल गेहूं ,57 सौ रुपया नगदी सहित अन्य सामान जल गया ।